पावर सिस्टम कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड

केन्द्रीय कार्यालय, मानव संसाधन विभाग

सन्दर्भ संख्या : के.का./पोसोको/2017/राजभाषा सम्मेलन

दिनांक 23 जून 2017

हिन्दी कार्यशाला का कार्यवृत

पोसोको कार्यालय मे दिनांक 22.06.2017 को प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें उत्तरी क्षेत्रीय भार प्रेषण केंद्र और राष्ट्रीय भार प्रेषण केंद्र के वरिष्ठ अधिकारियों व कार्मिकों ने बड़े उत्साह से भाग लिया | (कार्यशाला में भाग लेने वाले अधिकारियों की सूची संलग्न है)

इस कार्यशाला में श्री ऋषिपाल सिंह चौहान पूर्व मुख्य प्रबन्धक, पावरग्रिड को "हिन्दी के प्रचार प्रसार और हिन्दी मे कार्यालीन कार्य करने के अभ्यास" विषय पर व्याख्यान देने के लिए बाह्य संकाय के रूप में आमन्त्रित किया गया था |

सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने श्री ऋषिपाल सिंह चौहान और हिन्दी कार्यशाला मे उपस्थित सभी अधिकारियों और कार्मिकों को इस कार्यशाला में आने पर उनका हार्दिक स्वागत किया और श्री ऋषिपाल सिंह चौहान से राजभाषा हिन्दी में अपने कार्यालय के दैनिक कार्य को कैसे करें इस विषय पर सभी कार्मिकों का ज्ञान वर्धन करने हेतु अनुरोध किया |

श्री चौहान ने अपने वक्तव्य में कहा कि राजभाषा हिन्दी हमारी मातृभाषा है और हम मात्र अपनी इच्छा शक्ति को दृढ़ करके ही कार्यालीन कार्यों को राजभाषा हिन्दी में कर सकते हैं | श्री चौहान ने कहा कि राजभाषा हिन्दी विश्व मे सबसे ज़्यादा बोली जाने वाली भाषा है। राजभाषा हिन्दी के संबंध मे उन्होने विभिन्न आंकड़े प्रस्तुत किए जिससे कार्मिकगण राजभाषा हिन्दी के बारे मे इन अपरिचित तथ्यों से परिचित हुए ।

श्री चौहान ने कहा कि अपनी मानसिकता को बदलते हुए और दृढ़ संकल्प लेकर हिन्दी में आसानी से कार्य किया जा सकता है | उन्होने कहा संघर्ष ही मनुष्य को महान बनाता है व आलस्य त्यागने से और निरंतर अभ्यास करने से राजभाषा हिन्दी मे कार्य करना सरल हो जाता है ।

धन्यवाद ज्ञापन देते हुए श्री निशदीप सिंह, उप महाप्रबंधक (मानव संसधन) ने कहा कि सभी भाषाओं की प्रतिष्ठा एक है और सभी कार्मिको को यथार्थ प्रयास करना चाहिए कि वे अपना अधिकतम कार्य राजभाषा हिन्दी मे करें । कार्यशाला में पधारे सभी अधिकारियों और कार्मिकों ने श्री चौहान के वक्तव्य की मुक्तकंठ से सराहना की |

अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

(अनिल मेहता)

कार्यपालक सचिव(मा.सं)